देना होगा। वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों में जो गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोत है, उस पर हमारी सरकार ने सिर्फ बातें ज्यादा की हैं। दुर्भाग्य से अभी तक आजादी के इतने वर्षों के बाद तक जब इसमें अपार संभावनाएं हैं, इसमें काम नहीं किया गया है, चाहे वह पवन ऊर्जा हो, चाहे वह जल स्रोत से ऊर्जा हो या इसके अतिरिक्त जो सौर ऊर्जा है। हमारे यहां पशु धन ज्यादा है, लेकिन हमने गोबर गैस प्लांट की ...(व्यवधान)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र)** : आपकी बात आ गई है। अब आप स्थान ग्रहण करें।

**डा0 कुमकुम राय** : सिर्फ नुमाइश की है, लेकिन उसकी उत्पादित ऊर्जा का उस प्रकार से उपयोग नहीं किया है और न ही हमने ग्रामीण क्षेत्र की जनता को, उस उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कोई कार्यक्रम बनाए हैं। इसलिए मैं सरकार को यह सुझाव देना चाहूंगी कि वैकल्पिक ऊर्जा की तरफ ध्यान देकर, उस पर बढ़ोत्तरी करके, जो तेल क्षेत्र पर हमारी निर्भरता है, उसमें कमी लाई जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त जो जैविक डीज़ल की बात थी, जो जेट्रोपा से उत्पादित डीज़ल की बात थी, इस संबंध में और जो हमारे क्षेत्र में और जो काम होना चाहिए, उसको और बढ़ावा देना चाहिए, इससे हम तमाम वैकल्पिक उपायों पर काम कर सकेंगे। जैसे सीएनजी वगैरह का उपयोग है। कोर्ट की दखल से दिल्ली जैसे महानगर में सीएनजी से जो गाड़ियां चल रही हैं, ...(व्यवधान)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री कलराज मिश्र)**: आपका समय हो गया है, आप बैठिए।

**डा0 कुमकुम राय** : देश के सभी शहरों में, सभी महानगरों में अगर सीएनजी की किट और उसको उपलब्ध कराने के जो केन्द्र हैं, वे अधिक से अधिक खोले जाएं तो हमारी जो तेल पर निर्भरता है, वह कम होगी और इस प्रकार हम मूल्य पर भी कंट्रोल करने में सक्षम होंगे।

---

## THE BUDGET (BIHAR), 2005-06

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): Sir, I lay on the Table a statement (in English and Hindi) of the estimated receipts and expenditure of the State of Bihar for the year 2005-06.

---

## SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS (GENERAL), 2005-06

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): Sir, I lay on the Table a statement (in English and Hindi) showing the Supplementary Demands for Grants (General) for the year 2005-06 (August, 2005).

---